मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-546
**05/12/2022**

# मुख्यमंत्री ने सेन डॉयग्नोस्टिक के निदेशक स्व0 डॉ0 संदीप सेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी

पटना, 05 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सेन डॉयग्नोस्टिक के निदेशक एवं प्रख्यात पैथोलॉजिस्ट स्व0 डॉ0 संदीप सेन के बुद्ध मार्ग स्थित आवास जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने स्व0 डॉ0 संदीप सेन के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना भी दी।

वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदय कांत मिश्रा सहित अन्य लोगों ने भी स्व0 डॉ0 संदीप सेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

******